किस्मत में मेरी लिख दे एक बार सांवरे

किस्मत में मेरी लिख दे एक बार सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे......

परिवार मिले मुझे ऐसा जो तेरी महिमा गाये,
औलाद मिले मुझे ऐसी जो तेरे भजन सुनाये,
मुझे रोज सवेरे हो तेरा दीदार संवारे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे......

ना सोना चांदी मांगू, ना मांगू हीरे मोती,
बस साथ रहे ये अपना तू रहे हमेशा साथी,
अब हाथ में अपना लेले, मेरा हाथ सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे.....

हर दिन मैं गोकुल आऊ,
तेरे नए नए भजन सुनाऊ,
करके दर्शन मैं तेरा, तेरे चरणों में खो जाऊ,
भक्तों की पूरी करदे तू आस सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/31877/title/kismat-me-meri-likh-de-ek-baar-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |